हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 2 अगस्त 2026, समय 1810

-----------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली से  पूरे देश में विकसित भारत के लिए नशा-मुक्त युवा संकल्प अभियान की शुरुआत की।

श्री मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत' के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना जरूरी है।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नशा मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए जनभागीदारी और युवाओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया।

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा युवा शक्ति  के संकल्प से ही भारत को नशा मुक्त एवं विकसित राष्ट्र बनाने  का सपना पूरा होगा।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा ,  सहकारिता भारत की समृद्ध सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का मजबूत आधार है।

हिसार जिले के गांव भेरिया के मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी ।

-------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से पूरे देश में विकसित भारत के लिए नशा-मुक्त युवा संकल्प अभियान की शुरुआत की। देशभर में आयोजित इस कार्यक्रम में 28 हजार से ज्यादा स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले देशभर के युवाओं ने एक साथ नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ भी ली।  श्री मोदी ने कहा की आज लिया गया यह संकल्प आने वाले 100 सप्ताह तक लगातार ऐसे ही आगे बढ़ेगा। सौ हफ़्ते के 'जन-भागीदारी ' अभियान के  दौरान हर बार रविवार  को  साप्ताहिक  गतिविधियां होंगी जिससे नशा मुक्ति का संदेश, नये लोगों तक पहुंचेगा। अपने संबोधन  में श्री मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत' के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना जरूरी है।

श्री मोदी ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत लोगों को लक्ष्य से भटकाती है और इससे देश की ताकत भी कमजोर होती है। श्री मोदी ने कहा कि परिवारों को शुरुआती चरण में ही चेतावनी के संकेतों की पहचान करके खुलकर बातचीत का माहौल बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि सामाजिक बदनामी के डर से मादक पदार्थों के सेवन के मामले छिपाएं नहीं। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों से भी अपील की कि वे मादक पदार्थों के सेवन के खतरों पर नियमित रूप से विद्यार्थियों के साथ चर्चा करें।

---------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि जनभागीदारी और युवाओं की सक्रिय भूमिका से ही नशा मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान के राष्ट्रीय शुभारंभ के मौके पर अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. मांडविया ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ, जागरूक और सशक्त युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि 'माई भारत' मंच से करोड़ों युवा राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जुड़े हैं।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान के शुभारंभ पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में माय भारत के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के संकल्प से ही भारत को नशा मुक्त एवं विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा हो सकता है। इस देश में एक-एक युवा को संकल्प लेकर भारत को सशक्त, समृद्धि और खुशहाली की तरफ लेकर जाना होगा।

राज्यपाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में हजारों युवाओं, शिक्षकों और अधिकारियों व कर्मचारियों को देश व प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई ।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के अन्य जिलों से भी विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा कार्यक्रम के आयोजन के समाचार मिलें हैं।

पलवल जिले के गांव दुधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान पलवल जिले के हजारों युवाओं ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

मीडिया से बातचीत में श्री गौरव गौतम ने कहा कि यदि देश का युवा नशे से दूर रहेगा तो हमारा समाज व परिवार भी स्वस्थ बनेगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

पंचकूला के सैक्टर -14 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरक्त की। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, कविता आदि के माध्यम से नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने का संदेश दिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के खेल एवं युवा मामले तथा कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सहकारिता केवल एक विभाग नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का मजबूत आधार है।

खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री गौरव गौतम पलवल में आयोजित सहकारी जागरूकता सेमिनार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि साथ मिलकर आगे बढना ही सहकारिता की मूल भावना है और जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है और भारत सहकारिता से समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र को आगे बढ़ाने में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का अहम योगदान है जिन्होंने देश की मिट्टी की सुगंध से जुड़ी हुई वस्तुओं का निर्माण कर दुनिया भर के देशों में बेचकर भारत को एक अलग पहचान दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं, किसानों और मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाने व आगे बढ़ाने के लिए सहकारिता आंदोलन को और मजबूत करने में लगे है इसी लिए सहकारी समितियां भी बनाई गई है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हिसार जिले के गांव भेरिया के होनहार मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में पुरुषों के 80 किलोग्राम भार वर्ग के अंतिम मुकाबले में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकुश ने कल रात 11 बजे खेला गया फाइनल मुकाबला महज 15 मिनट में जीत लिया। इससे पहले

सेमीफाइनल में अंकुश ने कनाडा के जोशुआ ओफोरी को 5-0 के एकतरफा अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

-------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्ण जीतने पर मुक्केबाज अंकुश पंघाल को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री ने पुरुषों के 90 किलोग्राम से अधिक वर्ग में रजत पदक जीतने पर नरेंद्र बेरवाल को भी बधाई दी।